यूटीयू से संबद्ध तीन निजी संस्थानों में नकल करते पकड़े गए पांच छात्र

- रुड़की स्थित आइपीएस ला कालेज में परीक्षा के दौरान तीन छात्र नकल के साथ पकड़े गए
- आइटीआर कालेज रुड़की और ओम बायोसाइंस फार्मेसी कालेज में भी दो छात्र धरे

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध तीन निजी इंजीनियरिंग कालेजों में सोमवार को सेमेस्टर परीक्षा के दौरान नकल करते पांच छात्रों को विवि के उड़नदस्ते ने पकड़ लिया। टीम ने पांचों छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं सील कर दीं। रुड़की स्थित आइपीएस ला कालेज का परीक्षा केंद्र रद कर दिया है, यहां परीक्षा दे रहे छात्रों की शेष परीक्षाएं बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र में होंगी। विवि के कुलपति ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यों की टीम गठित की है, जो मंगलवार को अपनी रिपोर्ट देगी।

विवि के अनुसार, यूटीयू के उड़नदस्ते के प्रमुख बिपिन त्रिपाठी, इंजीनियरिंग कालेज द्वाराहाट के प्रोफेसर विशाल कुमार के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को रुड़की के आइपीएस ला कालेज कालेज में पहली पाली में चल रही बीए-एलएलबी की परीक्षा में दो छात्र और एलएलबी की परीक्षा से एक छात्र को नकल करते पकड़ा। इसके बाद टीम तुरंत आइटीआर कालेज रुड़की पहुंची। यहां बीफार्मा की परीक्षा के दौरान एक छात्र को नकल करते हुए पकड़ लिया। दूसरी पाली में जब दो बजे से परीक्षा शुरू हुई तो टीम ने रुड़की स्थित ओम बायोसाइंस फार्मेसी कालेज में फार्मेसी की सेमेस्टर परीक्षा में एक छात्र नकल करते हुए पकड़ा। टीम ने तीनों संस्थानों के पांच नकलची छात्रों की कापियां व नकल प्रतियां सील कर दीं। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि निकल करते पकड़े गए पांचों छात्रों के कब्जे से मिलीं नकल पर्चियां व कापी की जांच विवि की दो सदस्यों की टीम करेगी और मंगलवार को रिपोर्ट देगी। बताया कि आइपीएस ला कालेज में सेमेस्टर परीक्षा के दौरान नकल के अलावा अन्य कई प्रकार की गड़बड़ी भी पाई गई। जिस पर परीक्षा केंद्र रद कर दिया गया है।